भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1669
सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन पर वायु प्रदूषण का प्रभाव

†1669. श्री गुरजीत सिंह औजला:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्रमुख पर्यटक स्थलों और विशेष रूप से उत्तर भारत में वायु की गुणवत्ता खराब होने के कारण पर्यटन पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव का कोई आकलन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पर्यटकों की प्रत्याशित संख्या के शीघ्र ही दोगुने होने के दृष्टिगत अमृतसर की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वायु प्रदूषण से संबंधित यात्रा सलाह और रद्दीकरण के कारण पिछले तीन वर्षों के दौरान पर्यटन क्षेत्र को हुई अनुमानित राजस्व हानि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का बेहतर वायु गुणवत्ता मेट्रिक्स के साथ वैकल्पिक पर्यटक सर्किट और गंतव्य विकसित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो संपूर्ण विश्व से अमृतसर आने वाले पर्यटकों की प्रतिदिन बढ़ रही संख्या के दृष्टिगत अगले पांच वर्षों में इस तरह के विकास के लिए प्रस्तावित निवेश का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पर्यटन पर वायु प्रदूषण के प्रभाव और वायु प्रदूषण से संबंधित यात्रा परामर्शों और यात्रा रद्द करने के कारण राजस्व हानि का आकलन करने के संबंध में ऐसा कोई अध्ययन नहीं करवाया गया है।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'राष्ट्रीय तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन' (प्रशाद) और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के अंतर्गत देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन तथा गंतव्य-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी एवं जिम्मेदारीयुक्त गंतव्य के विकास के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।

पर्यटन मंत्रालय ने 20.06 करोड़ रुपये की लागत की दो परियोजनाओं अर्थात कपूरथला, पंजाब में 'कंजली वेटलैंड में इको पर्यटन अनुभव' और 25.90 करोड़ रुपये की लागत की अमृतसर, पंजाब में 'अटारी में सीमा पर्यटन अनुभव' को मंजूरी दी है। एसडी 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्री गुरजीत सिंह औजला द्वारा पर्यटन पर वायु प्रदूषण का प्रभाव के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1669 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	राज्य	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)	स्वीकृति की तिथि
1	आंध्र प्रदेश	अरक्कू-लम्बासिंगी	अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस	29.87	05-03-2024
2	अरुणाचल प्रदेश	नाचो	अनलॉक नाचो अभियान	14.02	05-03-2024
3	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका सांस्कृतिक हाट	18.48	05-03-2024
4	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका एडवेंचर पार्क	12.75	05-03-2024
5	असम	कोकराझार	कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस	26.67	05-03-2024
6	असम	जोरहाट	रीइमैजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट	23.91	05-03-2024
7	गोवा	पोर्वोरिम	पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस	23.56	20-08-2024
8	गोवा	कोलवा	कोलवा बीच एक्सपीरियंस	15.65	20-08-2024
9	कर्नाटक	हम्पी	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	25.64	29-02-2024
10	कर्नाटक	मैसूरु	टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन	2.72	29-02-2024
11	कर्नाटक	मैसूरु	ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन	18.47	05-03-2024
12	केरल	कुमारकोम	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस	13.92	05-03-2024
13	लद्दाख	लेह	जूले लेह जैव विविधता पार्क	24.89	05-03-2024
14	लद्दाख	कारगिल	एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस	12.01	05-03-2024
15	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	फूलबाग एक्सपीरियंस जोन	16.73	29-02-2024
16	मध्य प्रदेश	चित्रकूट	चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस	27.21	05-03-2024
17	महाराष्ट्र	पुणे	शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3	76.22	21-09-2024
18	मेघालय	सोहरा	वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस	27.84	05-03-2024
19	मेघालय	सोहरा	मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस	32.45	04-03-2024

20	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन एक्सपीरियंस	7.87	20-08-2024
21	नागालैंड	चुमुकेदिमा	मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस	21.56	05-03-2024
22	पुडुचेरी	कराईकल	कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस	20.29	05-03-2024
23	पंजाब	कपूरथला	कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस	20.06	05-03-2024
24	पंजाब	अमृतसर	अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस	25.90	20-08-2024
25	राजस्थान	बूंदी	केशोरायपाटन में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस	17.37	29-02-2024
26	सिक्किम	ग्यालशिंग	युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस	15.40	05-03-2024
27	सिक्किम	गंगटोक	गंगटोक सांस्कृतिक गांव	22.59	29-02-2024
28	तमिलनाडु	मामल्लापुरम	शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस	30.02	29-02-2024
29	तेलंगाना	भोंगीर	भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन	56.81	29-02-2024
30	तेलंगाना	अनंतगिरि	अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन	38.00	05-03-2024
31	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	13.02	05-03-2024
32	उत्तर प्रदेश	नैमिषारण्य	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	15.94	05-03-2024
33	उत्तराखंड	पिथौरागढ़	गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस	32.20	05-03-2024
34	उत्तराखंड	चंपावत	टी गार्डन एक्सपीरियंस	11.21	05-03-2024
			कुल राशि	**791.25**	

****